तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12.03.2022	पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत में पेश हुई। उभयपक्ष उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा कथन किया गया कि उसकी खातेदारी व कब्जा काश्त की भूमि में अस्पष्ट मुकाम होने से आए दिन विवाद की स्थिति रहती है। अतः पत्थरगढी करवायी जावे। उभयपक्षों का सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्थरगढी करवाये जाने हेतु अप्रार्थी द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी। अतः राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार निवाई को 500/– रुपये मौका कमिश्नर फीस पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है तथा आदेश दिया जाता है कि प्रार्थना पत्र में वर्णित भूमि आराजी खसरा नम्बर 1539 रकबा 6 बीघा 19 बिस्वा, ख0नं0 1544 रकबा 1 बीघा 2 बिस्वा, ख0नं0 1545 रकबा 2 बीघा 6 बिस्वा, ख0नं0 1551 रकबा 1 बीघा 17 बिस्वा, ख0नं0 1552 रकबा 1 बीघा 4 बिस्वा, ख0नं0 1530 रकबा 2 बीघा, ख0नं0 1540 रकबा 1 बीघा 5 बिस्वा, ख0नं0 1541 रकबा 3 बिस्वा, ख0नं0 1547 रकबा 1 बीघा 9 बिस्वा, ख0नं0 1555 रकबा 7 बीघा 12 बिस्वा, ख0नं0 1525/2085 रकबा 26 बीघा, ख0नं0 1525/2084 रकबा 32 बीघा 10 बिस्वा वाके ग्राम मोहनपुरा पटवार मण्डल राहोली तहसील निवाई का नियमानुसार सीमाज्ञान कर पत्थरगढी करावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो।	